कैसी ये लीला दिखाई भोले बाबा

कैसी ये लीला दिखाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई भोले बाबा....

माथे पर टीका लाल लाल बिंदिया,
होठों पर लाली लगाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

कानों में कुंडल नाक में नथुनिया,
नैनो में कजरा लगाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

गले में हरवा बाहों में कंगना,
लाल लाल मेहंदी लगाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

कमर करधनिया पैरों में पायलिया,
लाल लाल महावर लगाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

तनु पर लहंगा सर पर चुनरिया,
बालों में गजरा लगाई भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

बन के गुजरिया संग में गोरा मैया,
ब्रज गलियों में आए भोले बाबा,
हमारी समझ में ना आई.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27633/title/kaisi-ye-leela-dikhayi-bhole-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |